नरेन्द्रनगर में खुलेगा यूटीयू का नया कैम्पस

देहरादून। नरेन्द्रनगर पॉलीटेक्निक परिसर में स्थित गवर्नमेंट इंटीग्रेटेड इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टैक्नोलाजी वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्याल (यूटीयू) का नया कैम्पस होगा। गवर्नमेंट इंटीग्रेटेड इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टैक्नोलाजी विश्वविद्यालय का सातवां कैम्पस होगा। नरेन्द्रनगर में प्रस्तावि त्नये कैम्पस में शैक्षणिक सत्र 2024-25 से बीटेक पाठ्यक्रम में कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग ब्रांच में 60, इलैक्ट्रिकल इंजीनियरिंग ब्रांच, आर्टिफिसियल इंटेलिजेंस, फूड टेक्नोलाजी में 30-30 सीटों के साथ शुरू करने का अनुमोदन कार्यपरिषद से मिल चुका है। अब राज्य सरकार से स्वीकृति मिलने के बाद संचालन की प्रक्रिया शुरू होगी।

नये सत्र से कैम्पस का विवि प्रशासन ने संयुक्त निदेशक प्राविधिक शिक्षा, पालीटेक्निक के प्रधानाचार्य, कार्यदायी संस्थान पेयजल निगम के अधिकारियों के साथ परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण करने के बाद कुलपति प्रो.ओंकार सिंह की अध्यक्षता में एक बैठक की गई। इस मौके पर कुलसचिव प्रो. सत्येन्द्र सिंह आदि थे।